राष्ट्रीय मुक्क विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 14 : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

कार्यपत्रक - 14

1. सूचना चाहने वाले उपयोगकर्ताओं के व्यवहार में अंतर आया है। क्या हमारे वर्तमान ग्रंथालय इस परिवर्तन को सँभालने और वर्तमान टेक्नो-सेवी (तकनीक के जानकार) उपयोगकर्ताओं की सूचना-आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को उनके अनुकूल बनाने में समर्थ हैं? अपने विचार प्रस्तुत करें।

2. एक शिक्षार्थी के नाते आपने कोई आधुनिक ग्रंथालय अवश्य देखा होगा। क्याआपको लगता है कि महामारी के इस समय में इंटरनेट की सुविधायुक्त आधुनिक ग्रंथालय अन्य सामान्य ग्रंथालयों की अपेक्षा बेहतर सिद्ध हो सकते हैं? अपने विचार प्रस्तुत करें।

3. नई तकनीक और उपकरणों का प्रयोग करने वाले एक आधुनिक ग्रंथालय से आप किस प्रकार की सेवाओं की अपेक्षा करते हैं?

4. ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रंथालयों के कार्य करने के तरीके को इंटरनेट ने किस प्रकार बदल दिया है? उल्लेख कीजिए।

5. ग्रंथालयों में सेवाएँ प्रदान करने की अलग-अलग पद्धतियाँ हैं, जिन्हें मुख्यतः दो समूहों में रखा जा सकता है - हस्तचालित सेवाएँ और कंप्यूटरीकृत सेवाएँ। एक ग्रंथालयाध्यक्ष होने के नाते आप हस्तचालित को प्राथमिकता देंगे या कंप्यूटरीकृत को, अथवा दोनों को? अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

6. डिजिटल मोड के द्वारा एक जिले के सभी ग्रंथालयों की ई-सेवाओं की सहभागिता और संयोजन पर अपने सुझाव दीजिए।

7. आगामी वर्षों में आप डिजिटल ग्रंथालय कंसोर्टियम की क्या भूमिका देखते हैं?

8. ओपीएसी (ओपेक) से आप क्या समझते हैं? क्या यह प्रसूची हस्तचालित प्रसूची से अच्छी सेवा प्रदान कर रही है?

9. अपने उपयोगकर्ताओं को सूचना सुविधा प्रदान करने हेतु आधुनिक ग्रंथालयों केपोर्टल पर उपलब्ध 'प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्नों' (एफएक्यूज) को आप एक से दस के पैमाने पर कितने अंक देना चाहेंगे, और क्यों?

10. यदि आप किसी विद्यालय के ग्रंथालय के ग्रंथालयाध्यक्ष बन जाते हैं तो इस 21वींसदी के तकनीकी दौर में आपकी क्या भूमिका होगी? किसी ग्रंथालय की सेवाएँ उसके संग्रह की अपेक्षा कितनी महत्वपूर्ण हैं?